हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

11 मांग दिवस के तहत किसानों और मजदूरों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



12 वेतन वृद्धि के लिए लिपिकि वर्ग ने किया जिलास्तर पर प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक खरीदकर प्रयोग कर रहा आरोपी काबू

**नारनौल।** थाना अटेली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान नरेश वासी तुर्कियावास सलीमपुर अटेली के रूप में हुई। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान आरोपित को चोरीशुदा बाइक सहित पकड़ लिया। आरोपित चोरी की बाइक खरीदकर प्रयोग कर रहा था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने 12 हजार में चोरी की बाइक खरीदी थी। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 15 वर्षीय किशोर खेलते-खेलते अचानक लापता

**महेंद्रगढ़।** गांव डेरेली अहीर में 15 वर्षीय किशोर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया है। किशोर के पिता ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरपाल ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव डेरोली अहीर का निवासी है। मेरा 15 वर्षीय लड़का भूपेश 14 जुलाई को सुबह दस बजे प्लाट में घूमने गया था। उसके बाद वह खेल ग्राउंड में खेलने चला गया। इसके बाद वह घर पर नहीं लौटा है।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारा 21 को

**कनीना।** गुरु पुर्णिमा के अवसर पर महंत लक्ष्मणगिरी गोशाला बूचावास में 21 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह के आयोजनकर्ता महंत विठ्ठलगिरी महाराज ने बताया कि गुरुपूर्णिमा का दिन प्रकाश पुंज के रूप में मनाया जाता है। महामंडलेश्वर जे गिरी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में गुरु शष्यि परपंरा को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**नारनौल।** श्रीमेहंदीपुर बालाजी मत्रि मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को मोहल्ला राव का अशोक प्लाजा के सामने वाली गली में मनोज सैनी दूध वाले के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

## डीएमसी से मीटिंग के बाद संतुष्ट हुए नाराज नगर पार्षद

### अव्यवस्थाओं व सुनवाई नहीं करने का था आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर परिषद पार्षद अव्यवस्था के खिलाफ चला आ आक्रोश जिला नगर आयुक्त से मीटिंग उपरांत शांत हो गया है। इसके साथ ही जो धरना शुरू किया था, वह भी खत्म हो गया है। डीएमसी ने नगर पार्षदों के साथ मीटिंग में अहम मुद्दों पर गहनता से चर्चा की, जिस पर नाराज पार्षद सहमत हो गए। मीटिंग में करीब दस पार्षद पहुंचे थे।

बता दें कि नगर की समस्याओं एवं परिषद में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में एडवोकेट नितिन चौधरी के नेतृत्व में नगर पार्षदों ने गत 3 जुलाई से नगर परिषद में धरना प्रदर्शन शुरू किया था, जिसमें नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी समेत अनेक पार्षदों ने भाग लिया था, जिसको लेकर जिम्मेदारों को काफी किरकिरी का सामना करना पड़ा था। दो दिन बाद ही नारनौल के विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव चेयरपर्सन कमलेश सैनी को साथ लेकर धरना स्थल पर पहुंचे थे और एक सप्ताह का समय मांगते हुए यह धरना समाप्त करवा दिया था कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह स्वयं भी उनके साथ धरने पर बैठ जाएंगे। बाद में नाराज पार्षदों ने धरना तो स्थगित कर दिया, लेकिन नप से टेंट नहीं हटाया था, बल्कि शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर वहां की समस्या को सूचीबद्ध करने लगे थे।

मगर सोमवार डीएमसी महावीर प्रसाद शर्मा ने सभी नाराज पार्षदों को अपने कार्यालय बुलाया और गृहमंत्री के दौरे के कारण प्रातःकालीन सत्र में मीटिंग स्थगित होने के बाद दोपहर को पुनः बुलाया। करीब तीन घंटे चली इस मीटिंग में पार्षदों द्वारा रखे गए सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मीटिंग में म्यूनिसिपल इंजीनियर, अकाउंट्स अफसर एवं जेई वगैरा शामिल थे। इससे पहले सफाई दरोगाओ की मीटिंग ली गई। स्ट्रीट लाइट्स संबंधित ठेकेदार, पार्क के मालियों आदि के मुद्दों पर भी बारीकी से चर्चा करते हुए डीएमसी सभी पार्षदों को अपने विश्वास में लेने में कामयाब रहे और पार्षद भी उनके जवाब से संतुष्ट हो गए।

इस आंदोलन की अगुवाई करने वाले वार्ड नंबर 20 के पार्षद नितिन चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त के सभी जवाबों से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने सभी पार्षदों की अलग से राय मांगी, जिसमें अन्य पार्षदों ने भी अपनी संतुष्टि जाहिर की। जिसके उपरांत धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी गई।



**नारनौल।** डीएमसी के साथ मीटिंग करते पार्षदगण। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे उपस्थित

मीटिंग में पार्षद नितिन चौधरी के अलावा पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद अतर सिंह, पार्षद रविंद्र भांखर, पार्षद संजय सैनी, पार्षद देवेंद्र, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, पार्षद प्रतिनिधि अरुण यादव एडवोकेट, पार्षद प्रतिनिधि भास्कर खनगवाल, पार्षद प्रतिनिधि धूप सिंह बहल व पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र भांखर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

#### यह रहे मीटिंग के मुद्दे

टेंडर के मुद्दों पर नगर आयुक्त ने बताया कि पेमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग में केवल वे ही बिल पास किए जाएंगे, जो अकॉउंट ऑफिसर द्वारा क्लियर किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एफसीसी की तीन मीटिंग में अभी तक 106 काम लिए गए हैं, जिनमें से 96 काम के टेंडर हो चुके हैं और ये सभी काम चल रहे हैं, जबकि 7 टेंडर को रीकॉल किया गया है। तीन टेंडर पुनः निरीक्षण के लिए रखे गए हैं। टेंडर से संबंधित सभी कार्य आज की तारीख में कोई भी पेंडिंग नहीं है। कूड़ा उठाने वाले टेम्पो से संधित मुद्दे पर बताया कि नगर परिषद पुराने टैंपों की मरम्मत नहीं करवाने के पक्ष में है, क्योंकि डोर टू डोर के नये टेंडर में सड़क से कूड़ा उठाने संबंधित कार्य को भी जोड़ दिया गया। तब तक अस्थाई रूप से कुछ ट्रैक्टर किराये पर ले लिए जाएंगे। ठेकेदारों के भुगतान पर नगर आयुक्त ने कहा कि जिन बिल की मॉनिटरिंग प्रधान ने कर ली है, उसका कोई भी भुगतान हमारे कार्यालय में बाकी नहीं है। अब प्रधान की मॉनिटरिंग या उसके आगे का कोई कार्य बाकी है तो वह संबंधित विभाग बताएगा। वार्ड न. 13 के पार्षद प्रतिनिधि अरुण यादव एडवोकेट ने बताया कि एक साल से उनके वार्ड में हुए कार्य की प्रधान ने अभी तक मॉनिटरिंग नहीं की है। सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने पर बताया कि उसका सारा खाका तैयार हो गया है और उसके लिए आगे भी कार्यवाही चल रही है। इसके लिए पत्राचार किया जा रहा है। लाइट्स के टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए निदेशक से इसी सप्ताह टेंडर करवाने की आज्ञा ले ली गई है। रेवेन्यू विभाग का भुगतान हो गया है और सोमवार से पैमाइश का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। स्वामित्व योजना का मुद्दा राज्य स्तरीय विभाग से संबंधित है, वहां लिखकर दिया हुआ है। ढाणी किरारोद में इंजन लगवा दिया गया है। डीएमसी ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी योजनाओं की जानकारी पार्षदगण को वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी दें। इसी प्रकार अन्य मुद्दों पर पार्षदों ने संतुष्ट जाहिर की।

## सड़क दुर्घटना में महिला की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जवाहर नगर के नंगला रोड पर गोशाला के पास सड़क हादसे में एक महिला की मौत व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। इसके अलावा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आशीष ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पिलानी का निवासी है। बीती 14 जुलाई को को समय करीब 2.45 बजे उसका ससुर मुकेश गाड़ी लेकर मेरे ससुराल से पिलानी आया। 14 जुलाई को मेरे मामा के लड़के की शादी में जाने के लिए बहन सुधा को लेने आया, उस समय बहन, साली व ससुर गाड़ी में पिलानी से अपने गांव के लिए करीब तीन बजे निकल गए। रास्ते में ड्राइवर ने गाड़ी को लापरवाही व तेज गति से चलाकर गाड़ी का एक्सीडेंट कर दिया, जिसकी वजह से बहन सुधा को गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई तथा साली तपस्या को गंभीर चोट आई हुई है। तपस्या का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। एक्सीडेंट की सूचना बहन निशा ने दी थी, उसके बाद वह मौके पर पहुंचा। यह एक्सीडेंट जवाहर नगर के नंगला रोड पर गोशाला के पास हुआ है।

## हकेंवि के हॉस्टल से छात्रा का लैपटॉप व अन्य सामान चोरी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के हॉस्टल की अलमारी से एक छात्रा का लेपटॉप व अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। छात्रा ने विश्वविद्यालय की एक-दो छात्रा पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ति छात्रा ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर सामान बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा बबीता पूनिया ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव मंगाली जिला हिसार की रहने वाली है तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कैमेस्ट्री में पीएचडी की छात्रा है। बीती 22 जून को वह हॉस्टल को लॉक करके घर पर गई थी। फिर वह 26 जून को विश्वविद्यालय में आई। 27 जून को सुबह अपनी अलमारी देखी तो उसमें डेल कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, माउस चोरी होना पाया गया। इसके अलावा शैंपो, सर्फ सहित अन्य सामान चोरी होना पाया गया। चोरी की सूचना उसनें विश्वविद्यालय स्टाफ को दी। उन्होंने अपने स्तर पर जांच करके पुलिस को दी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उसका लैपटॉप व अन्य सामान विश्वविद्यालय की बीटेक की छात्रा ने चोरी किया है। क्योंकि उस समय हॉस्टल में यही छात्रा थी।

### प्रधान डा. अनिल यादव के नेतृत्व में सभी चिकित्सकों ने लिया हड़ताल में भाग

## दो घंटे की हड़ताल पर रहे चिकित्सक अस्पताल की व्यवस्था चरमराई

- हड़ताल के दौरान इलाज को दर-दर भटकते रहे मरीज, अस्पताल की सेवाओं को एनएचएम के सहारे बहाल रखने का अस्पताल प्रशासन ने किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने 9 बजे से 11 बजे तक दो घंटे तक पेन डाउन हड़ताल की। इस कारण अस्पताल की ओपीडी सेवाएं ठप रही और अस्पताल आए मरीजों को परेशानियों से जूझना पड़ा। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्य करने वाले चिकित्सकों की सेवाओं के सहारे अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने का प्रयास किया, लेकिन यह इंतजाम नाकाफी रहे, क्योंकि दो दिन शनिवार व रविवार की छुट्टी के उपरांत सोमवार को जब अस्पताल खुले तो उनमें काफी भीड़ पहुंच गई। भीड़ पहुंचने एवं विभिन्न कक्षों में चिकित्सकों के नहीं बैठने से उन्हें मायूसी का सामना करना पड़ा।

अस्पताल में सबकुछ अस्त व्यस्त रहा, क्योंकि चिकित्सक द्वारा जांच या उपचार लिखने उपरांत ही अस्पताल की अन्य सेवाओं का लाभ मरीज को मिल पाता है। इस हड़ताल के दौरान अस्पताल आए मरीज चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए इधर उधर ही भटकते रहे और जो एनएचएम के डाक्टर लगाए गए थे, उनके यहां मरीज अपनी बारी का इंतजार करते रहे। अस्पताल आए रोगियों को कोई वॉयरल बुखार का पेशेंट था तो कोई अपनी आंखें बनवाने के लिए आया था। एलर्जी के रोगियों भी चिकित्सक नहीं होने के बावजूद अस्पताल पहुंचे और ईलाज लेना चाहा, लेकिन अंततः उनकी संतुष्टि नहीं हुई। अस्पताल के चिकित्सकों की दो घंटे की हड़ताल के चलते विभिन्न प्रयोगशालाएं एवं औषधालय केंद्र लगभग सुनसान से बने रहे। पेन डाउन हड़ताल से अस्पताल की सेवाएं चरमराई रही और मरीज भटकते रहे। सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी पूरी तरह से बंद रही। बाद में सामान्य सेवाएं बहाल हुई। हालांकि आपातकालीन सेवाएं रेगुलर बहाल रही।






**नारनौल।** बिना चिकित्सक के निराश खड़े व बैठे अस्पताल आए मरीज व मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सरकारी अस्पताल के चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार से उनकी मांगों को माने जाने का किया आह्वान

प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने एसोसिएशन के प्रधान डा. अनिल यादव के नेतृत्व में अस्पताल में मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा सरकार से उनकी मांगों को माने जाने का आह्वान किया। इस दौरान डॉक्टरों ने सरकार के खिलाफ रोष भी व्यक्त किया। डॉक्टरों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार मांगें नहीं मानती है तो 25 जुलाई के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। चिकित्सकों ने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ रोष जताया और लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। चिकित्सकों का कहना है कि इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो जल्द बैठक कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी। जिला प्रधान डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस सांकेतिक हड़ताल से करीब छह माह पहले भी स्ट्राइक की गई थी और तब स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक हुआ कुछ नहीं। इस कारण उन्हें दोबारा से आंदोलन की राह अपनानी पड़ी है। उन्होंने बताया कि सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते हैं। एसोसिएशन की मांग है कि पुरानी पॉलिसी को लागू कर दिया जाए। पहले यह राशि 50 लाख थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसके अलावा एसएमओ की सीधी भर्ती नहीं होनी चाहिए। जो पद खाली पड़े हैं, उन पर चिकित्सकों की भर्ती की जाए।

## बाबा लटूरिया महाराज के मंदिर का दानपात्र तोड़कर रुपये किए चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव खातीवास में बाबा लटूरिया महाराज के मंदिर का चोर ने दान पात्र तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली है। गांव सरपंच ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने इस दौरान बणी से एक संदिग्ध को भी पकड़ा है। उसके बैग से काफी रुपये बरामद हुए हैं। उसी पर मंदिर में चोरी का शक है।

गांव खातीवास निवासी सरपंच मुकेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि हमारे गांव की बणी में स्थित बाबा लटूरिया का आश्रम है। वहां पर गांव के लोग पूजा अर्चना के लिए आते हैं। वह 14 जुलाई को सुबह आश्रम में पहुंचा तो उसने देखा कि दान पात्र टूटा हुआ है, उसके अंदर से पैसे चोरी हुए मिले। मंदिर के पुजारी भगवान दास त्यागी ने बताया कि 13 जुलाई को शाम नवीन नाम का एक व्यक्ति आश्रम में आया और उसने कहा कि वह आश्रम में रुकेगा। उसने बताया कि वह पहले भी आश्रम में रुक कर जा चुका है। नवीन अपने साथ प्रसाद भी लेकर आया हुआ था तो भगत समझ कर उसको रात को रुकने के लिए शरण दे दी। उसने बताया कि 14 जुलाई को जब सुबह उठकर देखा तो वह नवीन नाम का व्यक्ति आश्रम में नहीं मिला। महाराज ने चोरी की घटना की सूचना उसे दी।



**महेंद्रगढ़।** चोरी की घटना के बाद जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### अटेली में ज्वेलर्स की दुकान में चोरी

*मंडी अटेली। अज्ञात चोर एक ज्वेलर्स की दुकान से हजारों रुपये का सामना चुरा कर ले गए। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभन्नि धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। अटेली कस्बा निवासी श्याम लाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि उसने रेलवे अंडरपास के नजदीक एक ज्वैलर्स की दुकान की हुई है। दुकान के ऊपर एक कमरा बना हुआ है, जिसमें हम अपने वर्कशाप व जेवर बनाने के कार्य करते हैं। इसी कमरे में एक कैमरा मशीन डीवीआर लगा था, जो अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया। साथ में अन्य सामान भी ले गए। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।*



**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय में धरने पर बैठे पत्रकार। फोटो : हरिभूमि

## मांग को लेकर पत्रकारों ने दिया धरना तीन घंटे में ही मिला मीडिया सेंटर

**महेंद्रगढ़।** एक वर्ष पूर्व मंजूर हुए मीडिया सेंटर के शुरू न करने से नाराज पत्रकारों ने सोमवार को लघु सचिवालय में हरियाणा पत्रकार संघ के बैनर तले सांकेतिक धरना दिया, जिसमें जिलेभर के पत्रकारों, राजनीतिक दलों व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने अपना समर्थन दिया। हरियाणा पत्रकार संघ जिला प्रधान प्रदीप बालरोड़यि व जिला संयोजक आनंद शर्मा ने बताया कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर अमित आर्य के सामने मीडिया सेंटर की मांग रखी थी, जिसकी उन्होंने एक साल पूर्व मुख्यमंत्री से आदेश से मंजूरी दिलाकर बजट भी जारी करवा दिया था परंतु अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस पर कोई काम नहीं हो सका। इस मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से पत्रकारों ने मुलाकात भी की। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दौरे के दौरान पत्रकारों का शिष्टमंडल उनसे मिलने के लिए गया था। परंतु पुलिस प्रशासन ने मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया, इस बात की नाराजगी भी पत्रकारों में थी। मीडिया सेंटर की मांग को लेकर लघु सचिवालय में धरना दिया गया, इस सूचना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया और हलचल तेज हो गई। अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर लघु सचिवालय में एक बड़े कमरे को मीडिया सेंटर के लिए अलॉट कर दिया गया। एसडीएम संजीव कुमार ने हरियाणा पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप बालरोड़यि से फोन पर बात कर उन्हें आश्वासन दिया कि मीडिया सेंटर के लिए रूम अलॉट कर दिया गया है। जल्द ही बाकि की औपचारिकताएं भी पूरी कर दी जा। इसके बाद पत्रकारों ने अलॉट किए गए रूम का निरीक्षण किया। सभी पत्रकारों की सहमति के बाद धरने को समाप्त कर दिया गया। मीडिया सेंटर का एपीआरओ धर्मेंद्र कादियान के हाथों नारियल तुड़वाकर शुभारंभ करवाया गया और पत्रकारों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। पत्रकारों ने इसे पत्रकारों की एकता की जीत बताया।

#### इन्होंने दिया समर्थन

*इस अवसर पर यादव सभा के प्रधान अभयराम यादव, राव रामकुमार, बीजेपी नेता कंवर सिंह खातोद, बार एसोसिएशन से एडवोकेट बंसीलाल यादव, वेद प्रचार मंडल के जिला प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव, रेल यात्री महासंघ प्रधान रामनिवास पाटोदा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, समाजसेवी बलवान फौजी, युवा नेता नवीन राव, प्रेस क्लब नारनौल के प्रधान असीम राव, सतीश सैनी, देवेंद्र यादव, आनंद शर्मा, जितेंद्र सोलंकी, दीपचंद यादव, मनोज रोहिल्ला, महेश गुप्ता, प्रताप शास्त्री, विकास गोडवाल, मनोज राजपूत, कर्मवीर सिंह, विनोद शर्मा सहित अनेक लोगों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया।*

### रजिस्ट्री, इंतकाल, आरसी, लाइसेंस का कार्य पूर्ण रूप से ठप

## कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ की सोमवार को हड़ताल रही। जिसके चलते तहसील कार्यालय, सरल केंद्र पूर्ण रूप से बंद रहे। सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर जाने के कारण इंतकाल, रजिस्ट्री सहित आरसी व लाइसेंस बनाने संबंधित कार्य पूर्ण रूप से ठप्पे रहे। ऐसे में काम के लिए तहसील कार्यालय व सरल केंद्र में दूरदरज सं आए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

बता दें कि इस हड़ताल में सभी 99 कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल रहे। जिसके चलते इंतकाल, रजिस्ट्री, लाइसेंस व आरसी सहित अन्य कार्य न हो सकें। जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटरों की ओर से करीब 300 से 400 इंतकाल, रजिस्ट्री, 500 आरसी व करीब 500 लाइसेंस बनाने का कार्य रोजाना किया जाता है, लेकिन सोमवार को हड़ताल के चलते यह सभी कार्य नहीं हो पाए। वहीं दूसरी ओर सभी कंम्प्यूटर ऑपरेटर इलेक्शन ऑफिस के सामने पार्क में इकट्ठा हुए। इसके बाद यहां से प्रदेश स्तरीय हड़ताल में शामिल होने के लिए करवान रवाना हो गए।





**नारनौल।** लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में हड़ताल के चलते खाली कुर्सियां व बंद रहा रजिस्ट्री व इंतकाल का कार्य, कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सियां।



**महेंद्रगढ़।** लघुसचिवालय के सरल केंद्र में खाली पड़ी कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि

#### लोगों को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज द्वारा सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते सोमवार को एसडीएम, तहसील कार्यालय व सरल केंद्र में जमीनों की रजिस्ट्री, रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, इंतकाल, जमाबंदी, फर्द, वाहन रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि सहित दर्जनों आनलाइन सेवाएं प्रभावित हुई। इस प्रकार के कार्यों के लिए आने वाले लोगों को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। जिला प्रधान प्रवीन सैनी ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संबंधित भारतीय मजदूर संघ कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन आज तक सरकार द्वारा किसी भी मांग को नहीं माना गया है। इस मौके पर रविराज, अनिल कुमार, प्रवीन सैनी, राजेश शर्मा, वीरेंद्र राव, विकास, अनिल कुमार शर्मा, कपिल कुमार, राजीव शर्मा, सुनील सैनी, दीपक कुमार, रमेश सैनी, पंकज कुमार, अशोक कुमार, अनिता व भूपेंद्र सचदेवा उपस्थित रहे।



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार हो जाएं सजग

कवर स्टोरी



पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली

हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव



बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

## क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

## उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

## ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### क्या हैं कारण



**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होना**ः लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**ओवर कॉन्फिडेंस होना**ः व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना** : ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होना**ः ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार

बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यानः** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।



**खान-पान में ना बरतें लापरवाहीः** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।

प्रस्तुतिः ललिता गोयल

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप

आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

-सहेली फीचर्स

ब्यूटी



शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना

पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर** : पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल** : मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग** : पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।



**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री** : अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।

पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

# क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे यादः** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएंः** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडीः** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक देंः** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएंः** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### आरपीएस के 6 छात्रों ने सीए परीक्षा की उत्तीर्ण

**नारनौल।** इंस्टीट्यूट ऑफ चाटर्ड अकाउटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से सीए की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आरपीएस वद्यालय के छह वद्यार्थियों ने सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तीर्ण की। उपप्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि छात्र हार्दिक बंसल, ईशा सिंघल, संजना, रोहित कुमार, कशिश यादव व हर्षित गोयल ने सफलता अर्जित की है।

### डिगरोता में मोबाइल वैन का हुआ उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** नाबार्ड के रूरल मार्ट योजना के अंतर्गत डिगरोता गांव में मोबाइल वैन उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नाबार्ड बैंक के एजीएम रोहतक क्लस्टर मोहित यादव रहे। सतनाली एग्रो एफपीओ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। जीएम मोहित यादव ने कहा कि एफपीओ से जुड़ने पर किसानों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। आजकल एफपीओ के गठन को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार इस पर किसानों को समृद्ध बनाने के लिए विशेष जोर दे रही हैं।

### घरों में सप्लाई हो रहा है गंदा पानी

**महेंद्रगढ़।** शहर में इन दिनों लोगों के घरों में पीने का गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। ऐसे में लोगों की प्यास बुझाने वाला जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जलघरों में बनाए गए करोड़ों के फल्टिर प्लांट का पानी साफ करने में नाकाम साबित हो रहा है। घरों में जलघरों से आ रहा मटमैला के रंग जैसा है। लोगों का कहना है कि पानी गंदा आ रहा है, जो उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता हैं। ऐसे में मजबूरी में लोगों को गंदा व मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं।

### पाथेड़ा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 25 से

**कनीना।** खंड के गांव पाथेड़ा में श्रावण मास के शुभारंभ अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीराधा कृष्ण मंदिर में 25 से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाली कथा को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। ग्रामीण सुभाष चंद ने बताया कि कथा का वाचन विकास गिरी के सानध्यि में साध्वी गोशिका गिरी की ओर से किया जाएगा।

## एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए

# मांग दिवस के तहत किसानों और मजदूरों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### खाद, बीज और कृषि उपयोगी चीजों को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अखिल भारतीय मांग दिवस के आह्वान पर सोमवार को किसान संगठन आलइण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन अटेली ब्लाक कमेटी द्वारा तहसीलदार के मार्फत प्रधानमंत्री नाम जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आवश्यक वस्तुओं का सम्पूर्ण व्यापार को सरकार अपने हाथ में ले और एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए। खाद, बीज और कृषि उपयोगी चीजों को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाए। किसानों को कर्ज से मुक्ति और 60 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों व खेत मजदूरों को पेंशन दी जाए। ग्रामीण गरीबों को साल भर काम दिया जाए और पर्याप्त मजदूरी की गारंटी दी जाए। बिजली बिल 2023 को तुरंत रद्द किया जाए। जिला के किसानों की बाजरा भांवान्तर राशि किसानों के खातों में डाली जाए। प्राकृतिक




**मंडी अटेली।** तहसीलदार के मार्फत प्रधानमंत्री नाम ज्ञापन सौंपते हुए।

आपदाओं से खराब हुई फसलों का मुआवजा पचास हजार रुपए प्रति एकड़ सरकार अपने खजाने से किया जाए और प्राइवेट कंपनियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से बाहर किया जाए।

प्रदर्शन को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान कॉमरेड बलबीर सिंह, जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह व छाजूराम रावत ने कहा कि कृषि बाजार तथाकृषि भूमि को प्राइवेट कम्पनियों के हवाले करने वाले तीन काले कानून को रद्द करने की ऐतिहासिक जीत होने पर भी हम न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी कानून नहीं बनवा पाए हैं। ढ़ाई प्रतिशत फार्मूले के तहत उत्पादन लागत के आधार पर एमएसपी देने की किसानों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को अभी तक केन्द्र की भाजपा सरकार ने कानूनी मान्यता नहीं दी है। डीजल, खाद व बीज व कीटनाशक बेहद महंगे होते जा रहे हैं। इस तरह खेती की लागत बढ़ रही है और किसान कर्ज जाल के चक्कर में पिसकर देश का सम्मानित किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीण गरीबों, छोटे व सीमांत किसानों व खेत मजदूरों को साल भर काम नहीं मिलता। उनकी संतानें रोजगार के लिए भटक रहे हैं। शिक्षा-इलाज व दूसरी जरूरी चीजों को महंगा किया जा रहा है। पिछले 10 सालों में बड़े पूंजीपतियों के 14.69 लाख करोड़ रुपये कर्ज के माफ कर दिए हैऔर किसानों से वायदा करने के बावजूद किसानों के कर्ज माफ नहीं किए। किसान अपनी जमीन खो रहे है और खेत मजदूर में तब्दील हो रहे हैं। बिजली बिल-2023 के तहत बिजलीप्राइवेट कंपनियों को देने पर आमादा है, स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे बिजली किसानों के लिए सिंचाई के लिए महंगी और बिजली महंगी होने से गरीबों की पहुंच से बाहर हो जाएगी।

### अग्निवीर योजना युवाओं से खिलवाड़

इस मौके पर छाजूराम रावत ने कहा कि हर सरकारी विभाग को प्राइवेट हाथों में सौंपा जा रहा है। पक्की नौकरियां खत्म कर दी गई हैं। उसकी जगह मामूली वेतन पर कौशल रोजगार के नाम पर युवाओं का शोषण हो रहा है। फौज में अग्निवीर योजना देश के युवाओं के भवष्यि के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि देश के नवरत्न कहे जाने वाले जनता के खून पसीने से खड़े किए गए। सार्वजनिक उपक्रमों को कोड़ियो के दाम बेचा जा रहा है। पिछले दिनों 13 महीने दल्लिी बार्डर पर चले ऐतिहासिक किसान आन्दोलन की सीख लेकर जन आंदोलन के माध्यम से ही केन्द्र सरकार की जन विरोधी व किसान-मजदूर विरोधी नीतियों को परास्त किया जा सकता है।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते वद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### क्विज प्रतियोगिता में काजल की टीम ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को लोकसभा पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वद्यालय के कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को कक्षा नौवीं से 12वीं तक के बच्चों का लिखित परीक्षा ली गई थी। जिनमें से टॉपर रहने वाले बच्चों के 12 ग्रुप बनाए गए थे। जिनके बीच में सोमवार को रोचक मुकाबला देखा गया। प्रतियोगिता में स्कोर की भूमिका अमित, टाइमर की भूमिका मोनिका यादव, क्विज मास्टर के रूप में शीला शर्मा व रीना यादव ने भूमिका निभाई। इस क्विज प्रतियोगिता में सात राउंड रखे गए थे। जिनमें से सभी टीमों के बीच में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता के अंत में टीम-ए में काजल, दव्यिा, डम्पिी व खुशी की टीम ने 64 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### कुलदीप यादव के नेतृत्व में महासम्मेलन में भाग लेंगे हजारों कार्यकर्ता

**मंडी अटेली।** पाली महेंद्रगढ़ में भाजपा द्वारा प्रस्तावित ओबीसी वर्ग महासम्मेलन में अटेली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ता व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा ओबीसी



मोर्चा कुलदीप यादव के नेतृत्व में 221 गाड़ियों व पांच डीजे साउंड के साथ कई हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इस पर भाजपा नेता कुलदीप यादव ने बताया कि अनाज मंडी अटेली से सभी कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी प्रातः 8 बजे जोश व उत्साह के साथ महासम्मेलन में देश के गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन सुनने व ओबीसी वर्ग को सरकार द्वारा प्रदान की गई सौगातें के लिए धन्यवाद करने पहुंचेंगे।



छात्रा जूही।



महिमा।

### सूरज कॉलेज की जूही ने 77.33% अंक लेकर किया नाम रोशन

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी वश्विवद्यिालय मीरपुर द्वारा स्नातक स्तर की परीक्षा बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के वद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिसमें बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा जुही पुत्री चंद्र प्रकाश निवासी झगडोली ने 77.33 प्रतिशत अंक लेकर पूरे वश्विवद्यिालय में छठा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा महिमा पुत्री अजय पाल निवासी पाडला ने 73.17 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह होंगे महाकुंभ के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

16 जुलाई को केंद्रीय यूनिवर्सिटी पाली महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन में हजारों की भीड़ इकट्ठी होगी। यह रैली महाकुंभ में तब्दील होगी। उपरोक्त शब्द भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप यादव सराय ने बताया कि इस प्रदेश स्तरीय रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, महेंद्रगढ़ भिवानी से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज व हरियाणा सरकार के सभी विधायक व सांसद मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



प्रदीप सराय।



### हरियाणा में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का: सृजन यादव

**नारनौल।** नारनौल। कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक रघु यादव के पुत्र सृजन यादव ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान सोमवार को हलके के डोहर कलां, चिंडालिया, बापडोली व अन्य कई गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की। ग्राम वासियों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सृजन यादव ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि अब चुनाव में बहुत ही कम समय बच गया है। ऐसे में कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ लग जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 10 में से पांच सीट जीतकर हरियाणा में कांग्रेस की लहर चला दी है।



### प्रदेश में कानून व्यवस्था बहुत खराब अपराधी व लुटेरे हावी: अतेंद्र सरपंच

**नारनौल।** विधानसभा से कांग्रेस नेता एवं सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अतद्रिं यादव सरपंच ने नायब सिंह सैनी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा में कानून व्यवस्था बहुत खराबहै तथा अपराधी व लुटेरे हावी हैं। गांव सिहमा में कांग्रेस पार्टी के जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सैनी ने शपथ लेने के बाद अपराधियों को चेतावनी दी थी कि वे राज्य छोड़कर चले जाएं। उन्होंने कहा कि जजपा नेता रवींद्र सैनी की हत्या, सोनीपत में एक दूधवाले की हत्या व हिसार में एक शोरूम में गोलीबारी की घटना सहित कुछ घटनाओं की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है।

# भाजपा हर वर्ग का रख रही ख्याल

- गांव व शहर के वार्डों में दौरा कर ओबीसी सम्मान सभा में पहुंचने का दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने सोमवार विधानसभा क्षेत्र के गांव व शहर के वार्डों में दौरा किया और लोगों को 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में होने वाले ओबीसी सम्मान सभा में पहुंचने का न्यौता दिया। शहर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बस्ती, गणेश कॉलोनी मार्केट, मोहल्ला पुरानी मंडी, बड का कुआं, सुभाषनगर, पुरानी सराय, पुरानी मंडी, नलापुर व पुरानी सराय के अलावा गांव शेखपुरा, निवाजनगर, बांस की



**नारनौल।** गांव दुबलाना में सरपंच परिवार से मिलती भारती सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

ढाणी, सिलारपुर, दुबलाना व कोजिंदा का दौरा किया।

इस अवसर पर भारती सैनी ने कहा कि 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में देश के गृहमंत्री अमित शाह आ रहे हैं। उनका जोरदार स्वागत विधानसभा के साथ साथ पुरा महेंद्रगढ़ जिला करने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्रीमी लेयर की आय सीमा को छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख करना नायब सरकार की पिछड़ा वर्ग को नायाब सौगात है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की वर्षों पुरानी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 23 जून को मंजूर कर ओबीसी वर्ग का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि 23 जून को मुख्यमंत्री ने जहां क्रीमी लेयर की आय सीमा बढ़ाई, वहीं विशेष भर्ती अभियान की ओर से ओबीसी श्रेणी की रक्ति पड़ी सीटों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने ओबीसी वर्ग के छात्रों को 12 हजार से 20 हजार रुपये की छात्रवृति देने की घोषणा की है। वहीं राज्य की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के सौंदर्यकरण एवम नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आंबटित कर बका साथ सबका विकास को सार्थक किया है। भाजपा ही देशभर में ऐसी पार्टी है, जिसने हर वर्ग को पूरा मान सम्मान दिया है।



### यदुवंशी में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में अध्यापक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी अभिभावकों ने वद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की शैक्षणिक जानकारी ली। प्राचार्य पवन यादव ने बताया कि इस सभा का उद्देश्य वद्यालय एवं अभिभावकों के सहयोग से वद्यार्थियों की योग्यता, क्षमता, रूचि, अभिरूचि के अनुसार उनको सुसंस्कारित शिक्षा प्रदान करना है। आयोजित सम्मेलन में अभिभावकों ने वद्यालय की गरिमा व कर्त्तव्यनष्ठिा की प्रशंसा की। यदुवंशी ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने सभी अभिभावकों का अभिनंदन किया। फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह कहा कि अभिभावक-शक्षिक बैठक का मुख्य उद्देश्य स्कूल और घर में वद्यार्थियों में हो रहे नित नए परिवर्तन व शैक्षणिक प्रक्रिया का मुख्य रूप से अवलोकन कर मार्ग में आने वाले व्यवधान को दूर करना है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि माता-पिता, शक्षिक और बच्चे की साझेदारी स्कूली प्रक्रिया को समृद्ध और प्रभावी बनाती है। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने वद्यालय प्रांगण पहुंचने पर सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

# बीआर स्कूल में दोहा गायन प्रतियोगिता आयोजित

- प्रतियोगिता में छात्रों ने रामायण के अध्याय से प्रेरित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग में दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए 'परशुराम संवाद' अध्याय पर आधारित दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने रामायण के अध्याय से प्रेरित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि चेयरमैन हरीश भारद्वाज और प्राचार्य डॉ. राममोहन वशष्ठि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विंग प्रभारी कपिल शर्मा द्वारा की गई। डॉ. वशष्ठि ने कहा कि रामायण का हर शब्द हमें जीवन की



**महेंद्रगढ़।** दोहा गायन प्रातयोगिता में भाग लेते वद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

चुनौतियों का सामना करने की शिक्षा देता है। परशुराम संवाद हमारे जीवन में अनुशासन, धैर्य और साहस का महत्व बताता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में न केवल साहत्यिकि रुचि जागृत होती है, बल्कि उनकी नैतिक और सांस्कृतिक शिक्षा में भी वृद्धि होती है। यह प्रतियोगिता नश्चिति ही छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। दोहा गायन प्रतियोगिता में छात्रों ने रामायण के 'परशुराम संवाद' के दोहों को सुंदरता से अर्थ सहित दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में छात्रों की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य और चेयरमैन ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों के व्यक्तत्वि विकास के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक और साहत्यिकि ज्ञान को भी समृद्ध करती हैं। वद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि उनकी सृजनात्मकता और आत्मवश्वास में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम में उपसंचालक कृष्ण भारद्वाज, उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज, विंग प्रभारी इंद्रजीत यादव, राजकुमार, राजपाल उपस्थित रहे।

# समाज क्षेत्र में मंदिरों की विशेष भूमिका होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निवाजनगर गांव में राधा कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में शिलापट्ट का उद्घाटन करते हुए सत्यव्रत शास्त्री ने कहा कि मंदिर सामाजिक मूल्यों पर आदर्श जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। बता दें कि श्री बलदेव सहाय कन्हैया लाल राधा कृष्ण चेरिटीबल व धर्मार्थ ट्रस्ट ने निवाजनगर गांव में स्थित 350 वर्ष पूर्व का नर्मिति राधा कृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। ट्रस्ट के मुखिया राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि परिवार लगभग 125 वर्ष पूर्व निवाजनगर को छोड़कर हैदराबाद व्यापार करने के लिए चला गया था, तब से कोई ना कोई



परिवार का व्यक्ति गांव में आता रहता था। पिछले दिनों देवी शक्ति का दृष्टांत मेरे स्वप्न में आया और मंदिर का जीर्णोद्धार करने का संकल्प लिया।

## सूचना

मै अंकित यादव पुत्र बलजीत सिंह वासी गांव नांगल सिरोही मकान नं. 353 तहसील जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मैने अपना नाम अंकित से बदलकर अंकित यादव रख लिया है। भविष्य में मुझे अंकित यादव के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

## विद्यार्थी 10 प्रतियोगिता में से 6 में प्रथम व एक रहे द्वितीय

# खंड स्तरीय प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा के वद्यार्थियों ने 10 में से 6 प्रतियोगिताओं में प्रथम व एक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राचार्य नगेंद्र सिंह ने बताया कि खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में वद्यालय की विभन्नि टीमों का परिणाम शानदार रहा। उन्होंने बताया कि कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम,



**नारनौल।** खंड स्तरीस प्रतियोगिता के विजेता वद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

भाषण प्रतियोगिता मुस्कान ने प्रथम, पीपीटी प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, डॉक्यूमेंट्री फल्मि में पीयूष शर्मा ने प्रथम, क्विज प्रतियोगिता में वंशिका, अलका, मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा स्किट प्रतियोगिता में लक्ष्मी, गौरव, यश, अनिकेत, जतिन, तनिषा, रेणु, पायल ने प्रथम स्थान, स्लोगन प्रतियोगिता में नेहा द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य नगेन्द्र सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कानूनी साक्षरता समय की जरूरत है। हम अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों जैसे बाल विवाह न करना, विवाह में दहेज ना लेना, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना आदि के प्रति जागरूक बने, ताकि देश में सच्चे लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। उपप्राचार्य डा. पंकज गौड़ ने कहा कि कानूनी साक्षरता क्लब भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुहिम चलाकर शानदार कार्य कर रहा है। क्लब प्रभारी संदीप बंसल ने बताया कि क्लब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नर्दिेशानुसार कार्य करता है। वद्यालय परिवार के सदस्यों एवं अभिभावकों के सहयोग के कारण ही क्लब के स्वयंसेवक श्रेष्ठ परिणाम देने में सफल हुए हैं। इस मौके पर राकेश कुमार, राजपाल सिंह यादव, उमेद सिंह, सुशील सैनी, समय सिंह, दीपक कुमार, वक्रिम सिंह, उमेद यादव, पवन कुमार, मनोज कुमार, भूपसिंह, महेश शर्मा, मनोज कुमार, वक्रिम सिंह, मुनेशा सहित काफी संख्या में अभिभावक और वद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



### एचपीएस स्कूल इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस ने मारी बाजी

**नारनौल।** नांगल चैधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को साइंस व मैथ्स की इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा छटी से आठवीं तक की इस प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ऑरेंज हाउस व ब्लु हाउस ने हस्सिा लिया। क्लास अध्यापक विवेक, मोहित शर्मा व हिमांशी शर्मा की देखरेख में चारों हाउस से वद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के चार अलग अलग चरणों में सवालों के जवाब दिए। जिनमें सबसे पहला पासिंग राउंड, दूसरा सोल्विंग राउंड, तीसरा पक्चिर राउंड व चैथा बजर राउंड रहा। सभी चरणों में वद्यार्थियों को जवाब देने के लिए अधिकतम तीस सैकेंड का समय मिला। वद्यालय डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने नर्णायक मंडल की भूमिका निभाते हुए बच्चों की हौंसला अफजाई की। चारों चरणों के बाद कार्यक्रम संचालिका हिमांशी शर्मा ने ग्रीन हाउस को प्रथम, ऑरेंज हाउस को द्वितीय व रेड हाउस को तृतीय स्थान पर घोषित किया। वद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए बताया कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में हस्सिा लेना होता है।

## Notice

I Ram Singh S/o Shambhu Dayal R/o Mohalla Peeraga Narnaul Distt. Mahendergarh declare that my Mother Shanti Devi owner of a Shop situated at pull Bazar Narnaul. my Mother expired on dt. 25.05.2020. my Father was expired on dt. 8.01.2024. my mother legalheirs are as. 1 Ram Singh Son, 2 Parmod Son. 3 Ashok Kumar Son. 4 Krishan Kumar Son. 5 Sunita Daughter. that now i want to mentioned above said legal-hiers Mutation as per rules. the above statement is true and correct to the best of my knowledge and belief.

## खबर संक्षेप

### फायर ब्रिगेड कार्यालय प्रांगण में किया पौधरोपण

**कनीना।** चेलावास स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय प्रांगण में सोमवार को पौधारोपण किया गया। जनशक्ति विकास की ओर हरसिंगार, कनेर, गुलाब के पौधे लगाए गए। दीपक वशष्ठि ने कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, छाया मिलती है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद उसकी देखरेख की जम्मिवारी भी लेनी चाहिए। इस मौके पर अमित कुमार, विकास कुमार, प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान के भाई का निधन

**महेंद्रगढ़।** ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान महावीर प्रसाद भांडोरिया के



76 वर्षीय बड़े भाई रोशनलाल शर्मा हवलदार का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भांडोर नीची में किया गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए है। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। उनकी याद में उनकी श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक गांव भांडोर नीची में 25 जुलाई को रखी गई है।

### ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य को भातृ शोक

**महेंद्रगढ़।** ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य के बड़े भाई प्राचार्य रामकृष्ण वशष्ठि का 86 वर्ष की उम्र में उनके निवास भिवानी में देहांत हो गया। दिनेश चंद्र वैद्य ने बताया कि उनके बड़े भाई रामकृष्ण वशष्ठि



ने सेना में एजुकेशन हवलदार के पद पर सेवाएं दी। उसके बाद हिंदू सीनियर सेकेंडरी रेवाड़ी और वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी में प्राचार्य के पद पर काफी लंबे समय तक अध्यापक और प्रबंध किया। शिक्षा जगत में उनका विशेष नाम है। काफी समय से स्वर्गीय रामकृष्ण वशष्ठि भिवानी रह रहे थे। स्वर्गीय रामकृष्ण वशष्ठि का बड़ा बेटा प्रतष्ठिति फार्मा कंपनी में जनरल मैनेजर है तथा दूसरा बेटा भिवानी में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। बेटी फतेहाबाद कॉलेज में प्रोफेसर है। रामकृष्ण वशष्ठि अपने पीछे दो बेटे, दो बेटियां छोड़कर गए हैं। उनकी पुत्रवधू भी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। रामकृष्ण वशष्ठि ने अपना पूरा जीवन देश सेवा और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा केवल के बल पर ऊंचा उठाने में दिया। स्वर्गीय रामचंद्र वशष्ठि अपने पीछे भाई भूतपूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र वशष्ठि, दिनेश चंद्र वैद्य, एडवोकेट सुरेश चंद्र वशष्ठि, सतीश वशष्ठि, दो बेटे, दो बेटियां एवं भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

### मूल वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर एकबार फिर से आंदोलन का बिगुल फूंका

# वेतन वृद्धि के लिए लिपिक वर्ग ने किया जिला स्तर पर प्रदर्शन

मांगों पर 16 जुलाई को होने वाली सरकार से आगामी मीटिंग में ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं तो यह सांकेतिक धरना पूर्ण हड़ताल में बदल जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। वेतन वृद्धि के लिए जिला सचिवालय में प्रदर्शन करते लिपिक वर्ग के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी की ओर से मूल वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर सांकेतिक धरना देकर एकबार फिर से आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया, जिसमें जिलेभर के लिपिकों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। संगठन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों से करनाल जिले तक साईकिल यात्रा निकाली जाएंगी और विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। क्लेरिकल एसोसिएशन के महेंद्रगढ़ के प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि अगर उनकी मांगों पर 16 जुलाई को होने वाली सरकार से आगामी मीटिंग में ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं तो यह सांकेतिक धरना पूर्ण हड़ताल में बदल जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर धरने दिए जाएंगे। यदि सरकार उनकी मांगों पर फिर भी ध्यान नहीं देती तो हड़ताल में जो आम जनता को परेशानी होगी उसकी जम्मिेदारी पूर्ण रूप से सरकार की होगी। पूर्व जिला प्रधान दिनेश देवास ने बताया कि 15 जुलाई से 2 चरणों में साईकिल यात्रा निकाली जाएंगी, जिसकी शुरुआत सिरसा, महेंद्रगढ़, दादरी व नूंह जिले से की गई है। यात्रा एक जिले से दूसरे जिले तक हंस्तारण विधि से की जाएगी। साईकिल यात्रा कई जिलों को कवर करते हुए करनाल में समाप्त होगी। सिरसा से शुरू होने वाली साईकिल यात्रा फतेहाबाद, हिसार, जींद व कैथल से होते हुए करनाल जाएगी। नूंह जिले से शुरू होने वाली साईकिल यात्रा पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपत से होते हुए करनाल जाएगी। नारनौल से शुरू होने वाली साईकिल यात्रा रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, पानीपत से होते हुए करनाल समाप्त होगी। चरखी दादरी से शुरू होने वाली साईकिल यात्रा भिवानी से रोहतक जाएगी।

#### 42 दिन चला था आंदोलन

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी की ओर से मूल वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर गत वर्ष 7 जुलाई से 15 अगस्त तक धरना दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन दिया गया था कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के समय ड्यूटी में काउंट किया जाएगा। वहीं जल्द की कमेटी का गठन करके लिपिक वर्ग की कार्य की समीक्षा कराई जाएंगी। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मूल वेतन में वृद्धि नहीं की गई। कमेटी की रिपोर्ट को दरकिनार करके लिपिक वर्ग का वेतन 21,700 रुपये कर दिया गया, जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है।

#### लिपिकों की साइकिल यात्रा पहुंची अटेली

मंडी अटेली। क्लेरिकल एसोसिएशन सोसायटी ने अपनी मांगों को लेकर शुरू की हुई साईकिल यात्रा सोमवार को अटेली में पहुंची। यात्रा का स्थानीय कस्बे में कालेज के सामने रोककर जिला अध्यक्ष बाबू प्रहलाद के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर लिपिकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। कृष्ण कुमार, पूर्व प्रधान दिनेश कुमार, राज्य समन्वयक संदीप कुमार, धीर सिंह, लोकश कुमार यात्रा में विशेष रूप से शामिल है। प्रधान ने बताया कि अपनी लंबित मांगों को लेकर करनाल के लिए पैदल व साईकिल यात्रा ने कूच किया है, वही पर महापड़ाव रहेगा। यदि सरकार हमारी जायज मांगों पर फिर भी ध्यान नहीं देती है तो मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों व विधायकों का घेराव भी किया जाएगा, उनकी प्रमुख मांग 35,400 की है। इस अवसर पर राज्य उपप्रधान राकेश यादव, अनिल कुमार, निशा कुमारी, करतार सिंह, धर्मपाल व सुमन यादव आदि मौजूद रहे।



नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को 4 माह से नहीं मिला वेतन, लघु सचिवालय में किया प्रदर्शन

**नारनौल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सोमवार को विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। इसके बाद लघु सचिवालय में पहुंचकर उपायुक्त की गैर मौजूदगी में तहसीलदार अख्तर हुसैन को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें काफी भारी रोष था। वहीं प्रदर्शन नगर पालिका कर्मचारियों ने अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर यूनियन के जिला प्रधान सुनील यादव व जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने कहा कि अगर 19 जुलाई तक कौशल रोजगार निगम के तहत सिंचाई विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों का वेतन नही मिला, तो मजबूरी बस कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसके चलते सरकारी कार्य में जो भी दक्कित आएगी, उसकी जम्मिेदारी जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम संबंधित सिंचाई विभाग कर्मचारी को पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण भूखे मरने की कगार पर है व उनके बच्चों की शक्षिा भी प्रभावित हो रही है। वहीं रुपये के अभाव में कर्मचारियों के सामने अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए साहूकार से कर्ज लेने की नौबत आ गई है। इस अवसर पर तहसीलदार ने ज्ञापन लेकर यूनियन को आश्वासन दिया कि उनको ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का वेतन जल्दी से जल्दी दिलवा दिया जाएगा। यूनियन ने कहा कि अगर 19 जुलाई तक वेतन नहीं आया तो लघु सचिवालय के सामने अनशि्चितिकालीन धरना दिया जाएगा, जिसकी जम्मिेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, राज्य महासचिव महेंद्र बोयत, जिला सचिव राहुल सरवन, ब्रांच प्रधान अरविंद यादव, संजय, अनिल, आदत्यि कौशिक, परमवीर, अनिल, प्रेम, नंदलाल, गोविंद, सुरेंद्र, वेदपाल, प्रधान सुनील यादव व जिला सचिव विजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

### विस चुनावों में प्रदेश में होगा सत्ता परिवर्तन

**महेंद्रगढ़।** आम आदमीं पार्टी द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव गांव निंबी में पहुंचे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने डॉ. मनीष यादव का जोरदार स्वागत किया। डॉ. मनीष यादव ने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के शासनकाल से प्रत्येक वर्ग परेशान हैं। आप पार्टी के बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम से प्रदेश में बदलाव की शुरूआत हो चुकी हैं। लोगों का भाजपा से पूरी तरह से मोह भंग हो चुका हैं। जनता बदलाव का मन बना चुकी हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा। हरियाणा प्रदेश में पहली बार पूर्ण बहुमत से आप पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश में आप पार्टी की सरकार बनने पर दल्लिी व पंजाब की तर्ज पर विकास कार्य कराएं जाएंगे। डॉ. मनीष यादव ने भाजपा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के शासनकाल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। 10 साल के दौरान भाजपा नेताओं की ओर से जितनी भी घोषणा की थी उनमें से कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। उन्होंने राव दानसिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता लोकसभा चुनाव के दौरान जनता से बड़े-बडे वादे कर रहे हैं। चुनाव हारने के बाद महेंदगढ़ छोड़कर गुरूग्राम चले गए हैं। विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही दोबारा से जनता के बीच वोट हासिल करने के लिए पहुंच जाएंगे। दोनों नेताओं ने अपने 45 साल के शासनकाल में महेंद्रगढ़ को 100 वर्ष पीछे धकेल दिया हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता महेद्रगढ की सीट आप पार्टी की झोली में डालेगी। इस अवसर पर मनोज राव, सरपंच वक्रिम तंवर, सूबेदार धर्मसिंह, देशराज सिंह, रामसिंह, सूबेसिंह, मास्टर ओमप्रकाश, मुक्तयार सिंह, बहादुर सिंह, संजय पंच सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। लोगों को संबोधित करते डॉ. मनीष यादव।

### बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर किया रोष प्रकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने अपनी जायज मांगों को पूरा ना होने पर काले बल्लिे लगाकर रोष प्रकट करते हुए सिविल सर्जन कार्यालय में डप्टिी सिविल सर्जन डा. जगमोहन यादव के माध्यम से सीएम के नाम अपनी मांगों ज्ञापन सौंपा। इस रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मवीर यादव ने की। राज्य वरष्ठि उपाध्यक्ष मुकेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा की पूर्व राज्य प्रधान व वर्तमान राज्य संयोजक लाजवंती बेवाल व राज्य महासचिव हरिनिवास के दिशानर्दिेश में बहुउद्देशीय स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों के समर्थन में काले बल्लिे लगाकर रोष प्रकट किया। इसके बाद सिविल सर्जन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्य वरष्ठि उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि आगामी चार अगस्त को सीएम सिटी करनाल में समस्त हरियाणा के स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला प्रधान धर्मवीर यादव व मुकेश चौहान ने बताया कि सरकार जायज लंबित मांगों को पूरा नहीं कर रही। जिसकी वजह से स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष है। एसोसिएशन की मुख्य मांग एनएचएम में कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू फीमेल को ग्रेड पे 4200 का लाभ अतिशीघ्र दिया जाए, एफटीए, ड्रेस अलाउंस, एमसीएच अलाउंस दिया जाए, समाप्त किए गए पदों को बहाल किया जाए, एसएमआई, एमपीएचएस मेल, फीमेल की परमोशन लस्टि जारी की जाए, पदनाम चेंज किया जाए।



नारनौल। डप्टिी सिविल सर्जन डा. जगमोहन यादव को ज्ञापन सौंपते बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के नव निर्माण के लिए सांसद ने फिर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के लोक नर्मिाण विभाग के रेस्ट हाउस के नव नर्मिाण को लेकर सांसद ने फिर पत्र लिखा है। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि मौजूदा पीडब्ल्यूडी रेस्ट शहर के बीचों-बीच स्थित है तथा बहुत पुराना भी हो चुका है। इसके शहर के बाहर गांव पायगा में नव नर्मिाण के लिए 6.93 करोड़ की राशि भी मंजूर हो चुकी है। गांव पायगा की पंचायत की तरफ से इस बारे में प्रस्ताव करके जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायत एवं विकास विभाग के महानिदेशक को केस भी भेज दिया गया था। 2020 में इस बारे में केस बनाकर भेजा गया था। अब लगभग चार वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक जमीन लोक नर्मिाण विभाग के नाम नहीं हो पाई है जबकि जिला उपायुक्त द्वारा केस भेजे जाने के उपरांत ही नए रेस्ट हाऊस के नर्मिाण के लिए 6.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। इस बारे में सांसद धर्मबीर सिंह ने पहले भी सितंबर 2023 में पंचायत एवं विकास विभाग के महानिदेशक एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रमुख मुख्य सचिव को पत्र लिखा था।

इस बार सांसद धर्मबीर सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे में जल्द कार्रवाई सिरे चढ़ाने का निवेदन किया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि मौजूदा रेस्ट हाउस शहर के बीचों-बीच स्थित है तथा वीआईपी विजिट के समय दुकानदार एवं ग्राहक दोनों को ही असुविधा होती है तथा व्यापार पर भी असर पड़ता है।



- 6.93 करोड़ रुपये हो चुके हैं मंजूर, गांव पायगा में बनना है नया रेस्ट हाउस

### एसडी स्कूल ककराला में एनसीसी कैडेट्स की चयन परीक्षा आज

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल की ओर से कैडेटों का चयन किया जाएगा। वद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि कैडेट भर्ती में नौवीं कक्षा में अध्ययनरत एवं 13 वर्ष से अधिक आयु के वद्यार्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया के तहत छात्र एवं छात्राओं का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षण व लिखित परीक्षा के आधार पर किया होगा। शारीरिक दक्षता में दौड़ 1600 मीटर लड़के व 800 मीटर लड़कियां, लम्बी कूद, ऊंची कूद के साथ मेडिकल परीक्षण भी किया जाएगा।



नांगल चौधरी। नायन गांव में जनसंपर्क करते हुए कांग्रेसी नेता सुरेश रावत।

### कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को मिलेगी सस्ती खाद : सुरेश रावत

**नांगल चौधरी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व जिला पार्षद सुरेश रावत ने बनिहाड़ी, थनवास, नायन, बिहारीपुर, आसरावास, नियामतपुर में जनसंपर्क करके ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया है। कहा कि भाजपा ने अच्छे दिनों का झांसा देकर जनता को ठगा है, जिसका खामियाजा विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। प्रदेश में स्पष्ट बहुमत से चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दो करोड़ युवाओं को सालाना रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता मिलने के बाद रोजगार छीनने का काम किया है। अनियमिताएं बरतने के कारण सरकार एक भी भर्ती को पूरी नहीं कर पाई, जिस कारण युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। 2014 में डीएपी खाद 467 रुपये प्रति बैग उपलब्ध होता था, लेकिन भाजपा सरकार ने बढ़ाकर 1350 प्रति बैग दाम कर दिए। बावजूद सीजन में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं होती, किल्लत होने की वजह से थानों में खाद बंटती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करके किसानों को जींस खरीदने का वादा किया था। गांवों में खाद-बीज बिक्री केंद्र खोलने के सपने दिखाए थे, लेकिन नांगल चौधरी में सरकारी बीज की कोई दुकान नहीं, किसानों को निजी दुकानों से महंगी बीज व खाद खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सस्ती खाद मुहैया कराने के पुख्ता प्रबंध होंगे। इससे पहले ग्रामीणों ने कांग्रेसी नेता का भव्य अभिनंदन किया है। इस मौके पर राजमल, खेताराम, अशोक कुमार, बिक्रम, राकेश कुमार, हेमचंद, रामपत मौजूद रहे हैं।

